# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–11 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को सशक्त करने के लिये चलाये जा रहे मुख्यमंत्री युवा उ़द्यमी विकास अभियान के तहत आज झांसी में झांसी और चित्रकूट मण्डल के संयुक्त क्रेडिट बैंक का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के एक हजार सत्तर लाभार्थियों को ऋण भी वितरित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नये भारत का नया उत्तर प्रदेश अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की उपयोगिता की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। झांसी में मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल, पैथालॉजी सेंटर और चार स्पोक कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह और झांसी के सांसद अनुराग शर्मा मौजूद रहे।

**********

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में **डे केयर कैंसर सेंटर** खोलेगी। आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि दो हजार पचीस–छब्बीस में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का स्क्रीनिंग के तीस दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

***इस नेशनल हेल्थ मिशन के तहत हेल्थ को हम अफोर्डेबल, एक्सेसेबल और उसके साथ–साथ इक्विटेबल बनाने के लिए हम क्वालिटी हेल्थ केयर देने का प्रयास एन एच एम के माध्यम से कर रहे हैं और उसमें हम बहुत तरीके के सपोर्ट कर रहे हैं। टेक्निकल सपोर्ट भी कर रहे हैं, मैनपावर सपोर्ट भी कर रहे हैं, फाइनेंशियल सपोर्ट भी कर रहे हैं।***

**********

प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने आज लखनऊ के डॉक्टर सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षु डिप्टी जेलर और प्रशिक्षु तेजल वार्डर के पासआउट अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कारागारों की स्थिति काफी बेहतर हुयी है। कारागारों में सुविधायें बढ़ी है। इस दीक्षांत समारोह में प्रदेश के चालीस डिप्टी जेलरों और बहत्तर जेल वार्डरों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया।

**********

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वोटर लिस्ट के लगातार पुनरीक्षण के निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने का निर्देश भी दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा स्तर पर बैठक पन्द्रह मार्च से पहले होगी। जिला स्तर पर सत्रह मार्च से इक्कीस मार्च के बीच और राज्य स्तर पर अट्ठारह मार्च को आयोजित की जाएगी।

**********

लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में बहुत जल्द जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराया जायेगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पुनरीक्षण की कार्यवाही को तेज करने का निर्देश दिया है। प्रदेश में एक जनवरी दो हजार चौबीस से लेकर अब तक सैंतीस जिलों में जमीन के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न की जा चुकी है। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर जैसे जिले भी शामिल हैं।

**********

वाराणसी में आज मसान की होली के साथ होलिकोत्सव का आयोजन शुरू हो गया। मणिकर्णिका घाट पर इस होली के लिये भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जमकर भस्म की होली खेली गयी। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***दोपहर करीब 12 बजे मसाननाथ की आरती होने के बाद भस्म होली शुरू हुई। मां काली का रौद्र रूप, हर तरफ उड़ती चिता की राख ... गले में नरमुंड माला, मुंह से उगलते आग के गोले और शिव तांडव। यह सब आज काशी के मणिकर्णिका घाट पर नजर आया। इसको देखने के लिए 20 देशों आए हुए आगंतुकों के साथ नागा साधु भी इसमें शामिल रहे। ऐसा पहली बार हुआ कि महिलाएं इस होली में शामिल नहीं हो पाई। क्योंकि उन्हें इजाजत नहीं दी गई थी।***

बनारस की मसान की होली को 'चिता भस्म होली' कहा जाता है। यह एक अनोखी और प्राचीन परंपरा है. यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। यह होली भगवान शिव को समर्पित है।

**********

केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय की ओर से आज वाराणसी के लोहता में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बुनाई क्षेत्र में नवीनतम तकनीक और परीक्षण सुविधाओं से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य कौशल विकास, उत्पादन वृद्धि और टीकाऊ रेशम उत्पादन की जानकारी देना था।

**********